# तरंगिणी

## भाग – 1

# तरंगिणी

**प्रथम संस्करण - 2025**

आप इस सामग्री को किसी भी प्रारूप या माध्यम में नक़ल करने और पुनर्वितरित करने के लिए स्वतंत्र हैं। इसके लिए आपको उचित श्रेय देना होगा और लेखक की अनुमति के बिना आप इस सामग्री का वाणिज्यिक उपयोग नहीं कर सकते हैं। यदि आप सामग्री का पुनर्मिश्रण, रूपांतरण या पाठ्य सामग्री में संवर्धन करते हैं, तो आप संशोधित सामग्री का वितरण नहीं कर सकते।

आप इस पुस्तक के सभी या कुछ अध्यायों को मुद्रित करने की अनुमति प्राप्त करने के लिए

**'आर्य समाज सेवा फाउंडेशन'** 212-213, अव्वई षण्मुगम सालई, गोपालपुरम, चेन्नई 600086 से संपर्क कर सकते हैं या publications@davchennai.org पर ईमेल कर सकते हैं।

इस पाठ्य पुस्तक की विषय वस्तु - जैसे विचार, विवरण, संदर्भ, अभिमत, अभ्यावेदन, कथन तथा तथ्य के लिए प्रकाशक पूर्णरूपेण उत्तरदायी हैं।

मूल्य रु 250/-

# Acknowledgements

## Lead Content Contributor

Dr. S.Avudainayaki, M.A.,M.Sc.(Psy).,B.Ed.,PGDT.,Ph.D

## Content Contributors

Dr. Usha Kakarlamudi, B.Sc., B.Ed., M. A., M.Phil.,Ph.D

Smt. Rachana Arvind, B.Sc.(Bio).,M.A(Psy.),M.A(Hindi).,B.Ed.,M.Phil.

Smt. N.Meenacshi, M. A., B.Ed., PGDT

Smt. Dhanalakshmi, M.A.,B.Ed.

## Design and Technical Support

Smt. R.Dharshini Ragamathy, B.Sc., M.A

## Wrapper Design

Smt.D.Madhuri DFA

## Illustrations

Smt.D.Madhuri DFA

Shri.S.Vignesh BFA

# आमुख

## प्रथम संस्करण 2025

**'ज्ञानम् परमम् ध्येयम्, ज्ञानम् परमम् बलम्'** अर्थात् ज्ञान ही परम लक्ष्य है और ज्ञान ही परम बल है| विद्या का मुख्य उद्देश्य ज्ञान प्रदान करना है| केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अनुसार भाषा ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का माध्यम बनती है| अतः प्रारंभिक शिक्षा में भाषा को अधिक महत्त्व दिया हुआ है| इसी उपलक्ष्य में प्रस्तुत पाठ्य पुस्तक **'तरंगिणी'** तैयार की गई है| यह पाठ्यश्रृंखला कक्षाएँ 1 & 2 के विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी होगी|यह सिद्दत है कि जो विद्या बच्चों के व्यावहारिक ज्ञान का निर्माण करती है, वही संपूर्ण विद्या कहलाएगी| इसे ध्यान में रखते हुए हमारे गृह-प्राध्यापकों द्वारा क्रियाकलाप केंद्रित पाठ्यक्रम तैयार किया गया है| **'तरंगिणी 1 & 2'** का संक्षिप्त परिचय इस प्रकार है - कक्षा 1 की पठन-सामग्री में अक्षर ज्ञान, शब्द ज्ञान, मनोरम चित्रों के साथ घटनात्मक या कहानी के रूप में मात्राओं का परिचय, गिनती और अनुवाद-अभ्यास का प्रस्तुतीकरण सुंदर ढंग से किया गया है| कक्षा 2 में बच्चों का मार्गदर्शन करनेवाली मूल्यपरक कहानियाँ, सुंदर कविताएँ, संवाद, वृतांत, जीवनी जैसी विविध विधाएँ सरल व बोधगम्य भाषा में समुपस्थित हैं| हर पाठ के उपरांत मूल्यांकनपरक बोध-प्रश्न और अन्य अभ्यास दिए हुए हैं, जो विद्यार्थियों की बौद्धिकता और बोधगम्यता के विकास में सहयोग देंगे| हर पाठ के अभ्यासों के बाद व्याकरण बोध, चिंतन कौशल, श्रवण कौशल, संयोजन & सृजनात्मक क्रियाकलाप के अंतर्गत पाठ संबंधित अन्य जानकारियाँ और विचारमंथनात्मक गतिविधियाँ भी समाहित हैं| आशा है कि ये अभ्यास राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) से अनुशंसित (4Cs) **1.आलोचनात्मक सोच** (Critical Thinking) **2. रचनात्मकता** (Creativity) **3. सहयोग** (Collaboration) **4.संचार** (Communication) और **कला एकीकरण** (Art Integration) पर ज़ोर देते हुए छात्रों के समग्र विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान देंगे| पाठ्य सामग्री के अंत में, नमूने प्रश्न पत्र दिए गए हैं, जो छात्रों के लिए बहुत ही सहायक होंगे| प्रहर्ष की बात यह है कि इनमें छात्रों-अध्यापकों द्वारा खिंचित चित्रों का भी समावेश है| विद्यार्थियों के लिए एक संपूर्ण पाठ्य-सामग्री प्रदान करने का यह एक छोटा-सा प्रयास है|

**सचिव**

**चेन्नई| जून 2025** **आर्य समाज सेवा फाउंडेशन**

# विषय सूची


| क्रम संख्या | प्रकरण | विधा | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | स्वर | अक्षर ज्ञान | 7 |
| 2 | व्यंजन | अक्षर ज्ञान | 13 |
| 3 | दो, तीन & चार अक्षर वाले शब्द | शब्द ज्ञान | 31 |
| 4 | अनुवाद –I | मात्रा ज्ञान | 34 |
| 5 | अमर समझकर पढ़ | मात्रा ज्ञान | 36 |
| 6 | सबका आदर कर | मात्रा ज्ञान | 40 |
| 7 | किसान का खलिहान | मात्रा ज्ञान | 43 |
| 8 | हमारी नानी | मात्रा ज्ञान | 48 |
| 9 | दयालु बन | मात्रा ज्ञान | 52 |
| 10 | मीनू दीदी | मात्रा ज्ञान | 56 |
| 11 | ऋ-मात्रा वाले शब्द | मात्रा ज्ञान | 60 |
| 12 | चतुर रमेश | मात्रा ज्ञान | 63 |
| 13 | हमारे सैनिक भैया | मात्रा ज्ञान | 67 |
| 14 | मोती की माला | मात्रा ज्ञान | 70 |
| 15 | पौधा लगाओ | मात्रा ज्ञान | 74 |
| 16 | सुंदर वन | मात्रा ज्ञान | 78 |
| 17 | दादाजी के गाँव में | मात्रा ज्ञान | 82 |
| 18 | गिनती | सामान्य ज्ञान | 88 |
| 19 | रंगों के नाम | सामान्य ज्ञान | 89 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 20 | फलों के नाम | सामान्य ज्ञान | 91 |
| 21 | सब्ज़ियों के नाम | सामान्य ज्ञान | 93 |
| 22 | अनुवाद – II | सामान्य ज्ञान | 95 |
| 23 | मेरा परिवार | पाठ | 97 |
| 24 | प्यासा कौआ | कहानी | 100 |
| 25 | खरगोश और कछुआ | कहानी | 103 |
| 26 | लालची कुत्ता | कहानी | 106 |
| | आधे अक्षर / द्वित्व व्यंजन वाले शब्द | अक्षर ज्ञान | 108 |
| | नमूने प्रश्नपत्र 1 & 2 | | 110 |

## 1. स्वर

| | | |
|---|---|---|
| अ |  अनार (POMEGRANATE) |  अमरूद (GUAVA) |
| आ |  आम (MANGO) |  आग (FIRE) |

| | | |
|---|---|---|
| इ |  इमली (TAMARIND) |  इलायची (CARDAMOM) |
| ई |  ईख (SUGARCANE) |  ईंट (BRICK) |

| | | |
|---|---|---|
| उ |  उपहार (GIFT) |  उपवन (GARDEN) |
| ऊ |  ऊन (WOOL) |  ऊषा (DAY BREAK) |

| | | |
|---|---|---|
| ऋ |  ऋषि (SAGE) |   ऋग वेद (RIG VEDA) |
| ए |  एड़ी (HEEL) |  एम्बुलेंस (AMBULANCE) |

| | | |
|---|---|---|
| ऐ |  ऐनक (SPECTACLES) |  ऐलान (ANNOUNCEMENT) |
| ओ |  ओम्  (AUM) |  ओस (DEW DROP) |

| | | |
|---|---|---|
| औ |  औरत (WOMAN) |  औषध (MEDICINE) |
| अं |  अंगूर (GRAPES) |  अंगुली (FINGER) |

# स्वर (VOWELS)

अ आ इ ई उ ऊ ऋ ए ऐ ओ औ अं अः

**। अभ्यास करें|**

**अ -----------------------------------------------------**

**आ ---------------------------------------------------**

**इ -----------------------------------------------------**

**ई ----------------------------------------------------**

**उ ----------------------------------------------------**

**ऊ ---------------------------------------------------**

**ऋ ---------------------------------------------------**

**ए ----------------------------------------------------**

**ऐ ----------------------------------------------------**

**ओ ---------------------------------------------------**

**औ ---------------------------------------------------**

**II खाली जगह भरिए| (FILL IN THE BLANKS)**

**अ ---- इ ---- ------ ----- ------- ए**

**------ ओ ------ ------ अः**

## III अनुपयुक्त अक्षर पर गोला लगाइए| (CIRCLE THE ODD ONE)

1. अ  आ  इ  ऋ  उ

2. ऋ  ए  अ  ओ  औ

3. अ  ऊ  ऋ  ए  ऐ

## IV सही क्रम में लिखिए| (WRITE IN CORRECT ORDER)

अ  ऊ  इ  आ  उ  ई  ऋ

______________________________

ए  औ  ओ  ऐ  अः  अं

______________________________

## V सही अक्षर से जोड़िए | (MATCH UP)

1.   ऊ

2.   ई

3.   औ

4.   ऐ

## VI सही चित्र पहचानकर उस पर गोला लगाइए|(Circle the correct picture)

1. इ





2. आ





3. अ





4. ऋ





## VII सही अक्षर लिखिए| (WRITE THE CORRECT ALPHABET)

**1.**





**2.**





# 2. व्यंजन – क वर्ग

| | | |
|---|---|---|
| क |  कमल (LOTUS) |  कलम (PEN) |
| ख |  खरगोश (RABBIT) |  खजूर (DATES) |

| | | |
|---|---|---|
| ग |  गमला (PLANT- POT) |  गरम (HOT) |
| घ |  घर (HOUSE) |  घड़ा (POT) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क | ख | ग | घ | ङ |

I अभ्यास करें|

क ---------------------------------------------

ख ---------------------------------------------

ग ---------------------------------------------

घ ---------------------------------------------

ङ ---------------------------------------------

II सही अक्षर पर गोला लगाइए| (Circle the correct letter)



क ख ग घ



क ख ग घ



क ख ग घ



क ख ग घ

# व्यंजन – च वर्ग

| | | |
|---|---|---|
| च |  चम्मच (SPOON) |  चक्र (WHEEL) |
| छ |  छतरी (UMBRELLA) |  छत (ROOF/TERRACE) |

| | | |
|---|---|---|
| ज |  जल (WATER) |  जग (JUG) |
| झ |  झरना (WATER FALL) |  झंडा (FLAG) |

| च | छ | ज | झ | ञ |
|---|---|---|---|---|

## I अभ्यास करें |

च ------------------------------------------------

छ ------------------------------------------------

ज ------------------------------------------------

झ ------------------------------------------------

ञ ------------------------------------------------

## II सही अक्षर पर गोला लगाइए| (CIRCLE THE CORRECT LETTER)



[च छ ज झ]



[च छ ज झ]



[च छ ज झ]



[च छ ज झ]

# व्यंजन – ट वर्ग

| | | |
|---|---|---|
| ट |  टब (TUB) |  टमाटर (TOMATO) |
| ठ |  ठठेरा (TINKER) |  ठप्पा (STAMP) |

| | | |
|---|---|---|
| ड |  डमरू (DAMARU) |  डलिया (BASKET) |
| ढ |  ढक्कन (LID) |  ढलान (SLOPE) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ट | ठ | ड | ढ | ण |

**I अभ्यास करें**

ट ---------------------------------------------------------------------

ठ ---------------------------------------------------------------------

ड ---------------------------------------------------------------------

ढ ---------------------------------------------------------------------

ण ---------------------------------------------------------------------

**II पहला अक्षर लिखिए| (WRITE THE FIRST ALPHABET)**

















# व्यंजन – त वर्ग

| | | |
|---|---|---|
| त |  तरबूज़(WATERMELON) |  तकिया (PILLOW) |
| थ |  थरमस (THERMOFLASK) |  थकान (TIREDNESS) |

| | | |
|---|---|---|
| द |  दवा (MEDICINE) |  दरवाज़ा (DOOR) |
| ध |  धरती (EARTH) |  धनुष (BOW) |

| | | |
|---|---|---|
| न |  नल (TAP) |  नक्षत्र (STAR) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| त | थ | द | ध | न |

**अभ्यास करें**

त ------------------------------------

थ ------------------------------------

द ------------------------------------

ध ------------------------------------

न ------------------------------------

**। पहला अक्षर लिखिए| (WRITE THE FIRST ALPHABET)**









II सही अक्षर पर गोला लगाइए| (CIRCLE THE CORRECT ALPHABET)



त थ द ध न



त थ द ध न



त थ द ध न

III सही क्रम में लिखिए| (WRITE IN CORRECT ORDER)

न थ त द ध ----------------------------------------

ख क घ ग ङ ----------------------------------------

ज झ ङ च छ ----------------------------------------

ठ ढ ड ण ट ----------------------------------------

# व्यंजन – प वर्ग

| | | |
|---|---|---|
| प | <br>पतंग (KITE) | <br>पपीता (PAPAYA) |
| फ | <br>फल (FRUITS) | <br>फसल (HARVEST/CROP) |

| | | |
|---|---|---|
| ब | <br>बकरी (GOAT) | <br>बदलना (TO CHANGE) |
| भ | <br>भगाना (TO DRIVE AWAY) | <br>भरना (TO FILL) |

| | | |
|---|---|---|
| म |  मटर (PEAS) |  मछली (FISH) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प | फ | ब | भ | म |

। अभ्यास करें

प ----------------------------------------

फ ----------------------------------------

ब ----------------------------------------

भ ----------------------------------------

म ----------------------------------------

## II पहला अक्षर लिखिए| (WRITE THE FIRST ALPHABET)









## III सही अक्षर पर गोला लगाइए| (CIRCLE THE CORRECT ALPHABET)



प फ ब भ म



प फ ब भ म



प फ ब भ म

## IV सही क्रम में लिखिए| (WRITE IN CORRECT ORDER)

भ प म ब फ ------------------------------------------

# व्यंजन – य से श्र तक

| | | |
|---|---|---|
| य | <br>यज्ञ (YAJNA) | <br>यंत्र (MACHINE) |
| र | <br>रथ (CHARIOT) | <br>रस्सी (ROPE) |

| | | |
|---|---|---|
| ल | <br>लड़का (BOY) | <br>लड़की (GIRL) |
| व | <br>वट (BANYAN TREE) | <br>वर्षा (RAIN) |

| | | |
|---|---|---|
| श | <br>शलगम (TURNIP) | <br>शरबत (JUICE) |
| ष | <br>षट्कोण (HEXAGON) | <br>षट् रस (6 TASTES) |

| | | |
|---|---|---|
| स | <br>संतरा (ORANGE) | <br>सड़क (ROAD) |
| ह | <br>हल (PLOUGH) | <br>हरीमिर्च (GREEN CHILLY) |

| | | |
|---|---|---|
| क्ष |  क्षत्रिय (WARRIOR) |  क्षमा (FORGIVENESS) |
| त्र |  त्रय (THREE) |  त्रिकोण (TRIANGLE) |

| | | |
|---|---|---|
| ज्ञ |  ज्ञान (WISDOM) |  ज्ञानी (WISE MAN) |
| श्र |  श्रमिक (LABOURER) |  श्रवण (EAR) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| य | र | ल | व |
| श | ष | स | ह |
| क्ष | त्र | ज्ञ | श्र |

## I अभ्यास करें

य ----------------------------------------------------------

र ----------------------------------------------------------

ल ----------------------------------------------------------

व ----------------------------------------------------------

श ----------------------------------------------------------

ष ----------------------------------------------------------

स ----------------------------------------------------------

ह ----------------------------------------------------------

क्ष ----------------------------------------------------------

त्र ----------------------------------------------------------

ज्ञ ----------------------------------------------------------

श्र ----------------------------------------------------------

## II पहला अक्षर लिखिए| (WRITE THE FIRST ALPHABET)









### III सही अक्षर पर गोला लगाइए| (CIRCLE THE CORRECT ALPHABET)



श ष स ह



श ष स ह



य र ल व

### IV सही क्रम में लिखिए| (WRITE IN CORRECT ORDER)

र ल य व ------------------------------------------

स ह श ष ------------------------------------------

त्र क्ष श्र ज्ञ ------------------------------------------

### V जोड़े बनाइए| (MATCH THE FOLLOWING)





स

र

श

ह





# स्वर & व्यंजन

## स्वर (VOWELS)

अ आ इ ई उ ऊ ऋ ए ऐ ओ औ अं अः

## व्यंजन (CONSONANTS)

क ख ग घ ङ

च छ ज झ ञ

ट ठ ड ढ ण

त थ द ध न

प फ ब भ म

य र ल व

श ष स ह

क्ष त्र ज्ञ श्र

1. अ से अः तक लिखिए|
2. क से श्र तक लिखिए|

# 3.दो, तीन & चार अक्षर वाले शब्द

## दो अक्षर वाले शब्द

| | |
|---|---|
| कल - TOMORROW/YESTERDAY | कर - DO |
| चल - GO | नर - MAN |
| पल - SECONDS | भर - FULL / TO FILL |
| जल - WATER | पर - BUT / WINGS |
| बल - STRENGTH | चर - GRAZE |
| नल - TAP | डर - FEAR |
| फल - FRUIT | सर - HEAD |
| हल - PLOUGH | हर - EVERY |

I अक्षर जोड़कर शब्द बनाइए| (JOIN THE LETTERS AND MAKE A WORD)






# तीन अक्षर वाले शब्द

| | |
|---|---|
| कलम - PEN | शहर - CITY |
| कमल - LOTUS | भटक - TO WANDER |
| महल - PALACE | बहन - SISTER |
| उछल - JUMP | चमक - SHINE |
| फसल - HARVEST | इधर - HERE |
| टहल - STROLL | उधर - THERE |
| मगर - CROCODILE | जलज - LOTUS |
| नगर - CITY | चमन - GARDEN |
| नहर - CANAL | नमन - TO BOW DOWN |
| लहर - WAVES | सहन - TO BEAR |

I अक्षर जोड़कर नए शब्द बनाइए| (JOIN THE ALPHABETS AND MAKE NEW WORDS)

भव
चम
हव
दम
नय

→ न

-----------------
-----------------
-----------------
-----------------

ठह
अस
अम
कम
सफ

→ र

-----------------
-----------------
-----------------
-----------------

# चार अक्षर वाले शब्द

| | |
|---|---|
| अदरक - GINGER | कसरत - EXERCISE |
| शरबत - JUICE | धड़कन - HEART BEAT |
| नटखट - MISCHIEVOUS | गड़बड़ - CHAOS |
| बरगद - BANYAN TREE | कटहल - JACK FRUIT |
| लगभग - APPROXIMATELY | हलचल - STIR/BUSTLE |

## अभ्यास करें|

**I उचित दो-दो अक्षरों को जोड़कर चार अक्षर वाले शब्द बनाइए| (JOIN SUITABLE ALPHABETS TO MAKE FOUR LETTERED WORDS.)**







बचपन ------------- ----------------

-------------- ---------------- ----------------

-------------- ------------- ----------------

------------- -------------- ---------------

# 4.अनुवाद – I

| | |
|---|---|
| घर चल\| | GO HOME. |
| कलम उधर रख\| | KEEP THE PEN THERE. |
| कलश भर\| | FILL THE POT. |
| नटखट मत बन\| | DON’T BE MISCHIEVOUS. |
| कटहल चख\| | TASTE THE JACK FRUIT. |
| छत पर मत उछल\| | DON’T JUMP ON THE TERRACE. |
| छत पर चढ़\| | CLIMB UP THE TERRACE. |
| हवन कर\| | PERFORM HAVAN. |
| इधर-उधर भटक मत\| | DON’T WANDER HERE AND THERE. |
| डर मत\| | DON’T FEAR. |
| यह मत कर\| | DON’T DO THIS. |
| बरतन इधर रख\| | KEEP THE UTENSIL HERE. |
| कसरत कर\| | DO EXERCISE. |
| बरगद पर चढ़\| | CLIMB UP THE BANYAN TREE. |
| कमल पकड़\| | HOLD THE LOTUS. |
| सड़क पर चल\| | WALK ON THE ROAD. |
| ख़त पढ़ \| | READ THE LETTER. |
| अब सच कह\| | TELL THE TRUTH NOW. |

## I अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए| (TRANSLATE INTO ENGLISH)

1. बरतन इधर रख| ----------------------------------------------------
2. बरगद पर चढ़| ----------------------------------------------------
3. कटहल चख| ----------------------------------------------------
4. घर चल| ----------------------------------------------------
5. यह मत कर| ----------------------------------------------------

## II उचित शब्द चुनकर खाली जगह भरिए| (FILL IN THE BLANKS WITH SUITABLE WORD)

( कलश बन ख़त कटहल कर चल )

1. सड़क पर ----------|
2. ------------ पढ़|
3. हवन -------------- |
4. -------------- भर|
5. नटखट मत -------------|
6. ------------- चख|

## III दो अक्षर वाले शब्द लिखिए| -------------- ------------- ----------

## IV तीन अक्षर वाले शब्द लिखिए| ------------ -------------- -----------

## V चार अक्षर वाले शब्द लिखिए| -------------- -------------- -----------

## 5.अमर समझकर पढ़



अमर समझकर पढ़|

अमर चल, घर चल।

सड़क पर मत मचल।

अगर-मगर मत कर ।

बस आ गई। डर मत।

बस पर चढ़।

अब उतर कर घर चल।

घर पर मदद कर|

अब नल पर चल।

कलश रख, जल भर कर इधर रख।

बरतन उधर रख|

शहद चख कर छत पर चल।

अब झट-पट उतरकर पढ़। समझकर पढ़|

### अभ्यास

**I शब्दार्थ (Meanings)**

| | | |
|---|---|---|
| शहद - Honey | चख -To Taste | इधर –Here |
| कलश - Pot | नल - Tap | मदद – Help |

**II. उचित अक्षर से शब्द बनाइए। (Make words by adding suitable letters)**

---लश ---ड़क ---हद ---गर

**III अक्षर जोड़कर शब्द बनाइए। (Make words by joining letters)**

न+ल = ------------- स+म+झ = -------------

ब+र+त+न = ----------- म+द+द = -----------

**IV सही शब्द चुनकर खाली जगह भरिए। (Fill in the blanks with suitable words)**

**(बस जल शहद सड़क)**

1. ________ पर मत मचल।
2. __________ पर चढ़।
3. ___________ चख।
4. ____ भर कर इधर रख।

**V चित्र देखकर सही शब्द पर गोला लगाइए। (See the picture and circle the correct word)**



( भर घर )



( नल  कल )



(कलम   कलश)

## VI जोड़े बनाइए| (Match the following)

1.समझकर - चढ़

2. घर - रख

3. बर्तन - चल

4. बस पर - पढ़

**गतिविधि**

**दो अक्षर वाले शब्द लिखिए|**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | न | ल | प | र | ष |
| म | र | श | क | ग | थ | र |
| न | क | ख | फ | च | प | ज |
| ट | र | ण | ह | ल | र | ल |
| ठ | ट | ज | ट | द | ठ | ग |
| व | ट | व | न | य | क्ष | ण |

# 6.सबका आदर कर



दादा, चाचा और मामा घर आए|

राधा और राम इधर आना| सबका आदर कर|

अब बाज़ार जाना| गाजर और आम लाना|

राधा! गाजर का हलवा बनाओ|

राम आम का शरबत और चाय बनाएगा|

हाथ साफ़ कर| फल और हलवा खाओ|

राम! बाहर मत जा|

अब जाकर आराम कर|

## अभ्यास

### I शब्दार्थ (Meanings)

| | | |
|---|---|---|
| बाज़ार - Market | आदर - Respect | बनाना – To make |
| लाना – To bring | आराम - Rest | घर - Home |

### II सही अक्षर से खाली जगह भरिए (Complete the word by adding correct letters)

बाज़ा__ हल__ ____दर शरब____

### III चित्र देखकर सही शब्द पर गोला लगाइए| (See the picture and circle the correct word)



( शरबत कटहल )



( आम टमाटर )



( गमला गाजर )

**IV सही शब्द चुनकर खाली जगह भरिए| (Fill in the blanks with suitable words)**

**(हलवा आदर दादा आम )**

1. -------, चाचा और मामा घर आए ।
2. गाजर और ----------लाना |
3. राधा गाजर का --------- बनाओ।
4. सबका ---------- कर ।

**V अक्षर जोड़कर शब्द बनाइए| (Make words by joining letters)**

1.आ + रा + म = -----------------

2.आ + द + र = ----------------

3.ह + ल + वा = ----------------

## गतिविधि

**शब्द बनाइए (Make words)**

बा →

हर = ------------

ज़ार = ------------

दल = -----------

# 7. किसान का खलिहान



एक दिन राघव बाहर गया|

राह पर उसका मित्र मिहिर मिला|

अब राघव और मिहिर उपवन गए|

उधर हिरन दिखाई दिया|

मिहिर पास गया और चारा दिया| हिरन डरकर भाग निकला|

जब एक चिड़िया दाना लाई, तब किरण आया|

वह सितार और बाजा लाया था| वह बाजा बजाकर नाचा|

चिड़िया डरकर उड़ गई| किरण उदास हुआ| फिर सब खलिहान गए| उधर किसान नारियल सहित फल और अनाज लाए, डलिया भर अनाज दिया|

## अभ्यास

### I शब्दार्थ (Meanings)

उपवन - Garden    चिड़िया - Bird    फल - Fruit

किसान - Farmer    नारियल - Coconut    हिरन - Deer

### II सही अक्षर से खाली जगह भरिए (Complete the word by adding correct letters)

___रन    अना ___    ___तार    डलि ___

### III चित्र देखकर सही शब्द पर गोला लगाइए| (See the picture and circle the correct word)



(पपीता   नारियल )



(हिरन   किसान)



(बाघ   चिड़िया)



( मटका डलिया )

**IV सही मात्रा लगाइए| (Add correct matras)**

द न    च त्र    क रण    चड़िया

**V सही शब्द चुनकर खाली जगह भरिए| (Fill in the blanks with suitable words)**

**( भाग    दाना    उपवन    डलिया )**

1. राघव और मिहिर --------------गए ।
2. हिरन डरकर ---------- निकला|
3. --------भर अनाज दिया |
4. चिड़िया ---------- लाई|

**VI जोड़े बनाइए| (Match the following)**

राघव और मिहिर – बजाना

नारियल और अनाज – दाना

चिड़िया – खलिहान

सितार – मित्र

## VII अक्षर जोड़कर शब्द बनाइए| (Make words by joining letters)

1.कि + सा + न = -----------------

2.ख + लि + हा + न = ----------------

3. ना + रि + य + ल = ----------------

## गतिविधि

### शब्दलड़ी पूरी कीजिए|



गिलास









काजल

## नए शब्द लिखिए|



# 8. हमारी नानी



हमारी नानी घर आई थी|

वह पपीता और नाशपाती खरीद लाई थी|

फल खाकर हम सब चिड़िया घर गए|

उधर बड़ी बकरी घास चर रही थी|

हाथी कान हिला रहा था|

चीता पानी पी रहा था|

लाल, नीली और पीली मछली दिखाकर नानी बोली,

“सीता, गीता और नीता! अब मछली का चित्र बना|”

चित्र बनाए गए| सीता का चित्र बढ़िया था|

सीता की पीठ थपथपाकर नानी बोली, “शाबाश!”

## अभ्यास

### I शब्दार्थ (Meanings)

पपीता - Papaya        कान - Ear        मछली - Fish

नीली - Blue        चित्र - Picture        नानी - Grandmother

### II मात्रानुसार शब्द अलग कीजिए (Separate the words according to the maathras)

दिन   बस   माता   घर   किरण   शहद   पीली   छाता

नीली   काला   सिर   खीर   उड़ती   चित्र   मान   कलश

| अ | आ | इ | ई |
|---|---|---|---|
| बस | माता | दिन | पीली |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

### III उचित अक्षर से शब्द बनाइए| (Make words by adding suitable letters)

___त्र        हा __        बक __        नाशपा _

## IV अक्षर जोड़कर शब्द बनाइए| (Make words by joining letters)

ना +नी = ------ चीता +ता = ----------- पी+ली= ------

म + छ + ली = --------- ब + ढ़ि + या = ------------

## V सही मात्रा लगाइए| (Add correct matras)

| | | | |
|---|---|---|---|
| पान_ | मछल | पपता | हाथ |
| पठ | चता | पील | बकर |

## VI चित्र देखकर सही शब्द पर गोला लगाइए| (See the picture and circle the correct word)



( मछली तितली )



( पपीता मटर)



( शेर बकरी )



( चीता हाथी )

## गतिविधि

**अ, आ, इ, ई मात्रा वाले शब्द पहचानकर लिखिए।**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क | छ | ड़ी | दि | या | ची | ट |
| वि | ल | घ | मा | मा | नी | ढ |
| ता | व | म | ता | ह | मी | ण |
| स | ना | रि | य | ल | फ | ल |
| खा | पी | दी | दी | वा | ह | ब |
| री | त | कि | या | का | ष | जी |

| अ | आ | इ | ई |
|---|---|---|---|
| छल | मामा | कविता | छड़ी |

# 9.दयालु बन!



सुबह हुई| सुमन उठा और साबुन रगड़कर नहाया|

फिर बाग़ की ओर गया| बुलबुल दाना चुग रही थी|

लाल गुलाब खिला था| वह बहुत खुश हुआ|

वह जामुन और खाना खाकर पाठशाला गया|

उसकी बहन कुसुम भी साथ आई|

राह पर एक पशु घास खाकर आराम कर रहा था|

उसका मित्र कुमार मार रहा था|

सुमन बहुत दुखी हुआ और कुमार का हाथ पकड़कर कहा,

“ओ मित्र! मार मत! यह बड़ा पाप! दयालु बन!”

कुमार सुमन की बात सुनकर सुधर गया|

## अभ्यास

### I शब्दार्थ (Meanings)

दयालु - Kind
पशु - Cow / Animal
खुश - Happy
बुलबुल - Bulbul bird
सुबह - Morning
साबुन - Soap

### II अक्षर जोड़कर शब्द बनाइए| (Make words by joining letters)

1. कु + मा + र = --------------------
2. सु + ब + ह = --------------------
3. सा + बु + न = --------------------

### III. चित्र देखकर सही शब्द पर गोला लगाइए| (See the picture and circle the correct word)



( जामुन गुलाब )



( बुलबुल पाठशाला )



( पशु चिड़िया )

**IV उचित अक्षर भरकर शब्द बनाइए| (Make words by adding suitable letters)**

प__ड़        सु__ह        आ__म

**V सही शब्द चुनकर खाली जगह भरिए| (Fill in the blanks with suitable words)**

**( साबुन        चुग        पशु        लाल )**

1. बुलबुल दाना ----------- रही थी|
2. --------------घास खा रहा था |
3. ---------- गुलाब खिला था|
4. सुमन ----------- रगड़कर नहाया|

**VI सही मात्रा लगाइए| (Add correct matras)**

जामन        दयाल        दखी

**VII जोड़े बनाइए| (Match the following)**

दयालु - कुसुम

पशु मारना - गुलाब

लाल - बड़ा पाप

सुमन की बहन - बन

## गतिविधि

### अंताक्षरी खेलें

उदाहरण (EXAMPLE)

गुलाब बतख

ख़त तकिया

याचना

तकिया

गुलाब

बतख

ख़त

याचना

--------- ----------

--------- ----------

---------

ताला

गमछा

लाख

बाग़

छाता

--------- ----------

--------- ----------

---------

लाचार

लीची

नीला

कली

चीनी

# 10. मीनू दीदी



कल रविवार था| अवकाश का दिन था|

बाहर धूप निकल रही थी| मीनू दीदी दूध लाई और गरम किया|

फिर झाड़ू लगाया और कूड़ा बाहर डाला|

पिताजी दुकान जाकर काजू और मूली खरीद लाए|

भाई सूरज पूजा कर रहा था| मीनू दीदी फूल-फल की थाली सजा लाई| तब तक माताजी पूड़ी और आलू बना लाई| सूरज भूखा था|

वह गिलास भर पानी लाया| पानी ज़मीन पर गिर गया|

दीदी छत पर जाकर सूखा कपड़ा लाई और ज़मीन साफ़ की|

हमारी दीदी सबकी मदद करती|

## अभ्यास

### I शब्दार्थ (Meanings)

रविवार – Sunday    कूड़ा – Trash    दुकान – Shop

सूखा – Dry    धूप – Sunshine    दूध- Milk

### II उचित अक्षर से शब्द बनाइए| (Make words by adding suitable letters)

गि__स    __रज    क ___ड़ा    ज़___न

### III अक्षर जोड़कर शब्द बनाइए| (Make words by joining letters)

1. र + वि + वा + र = --------------
2. बा + ह + र = --------------
3. ग + र + म = -------------

### IV. चित्र देखकर सही शब्द पर गोला लगाइए| (See the picture and circle the correct word)



( सूरज    चादर )



( फूल    फल )



( आलू    भालू )

**V. मात्रानुसार शब्दों को अलग कीजिए (Separate the words according to matras)**

फूल    जामुन    दयालु    पूरी    आलू    गुलाब    पशु    भूख
दुख    खुश    खून    सुख    मूली    झूला    शुभ    दूर

| उ | ऊ |
|---|---|
| | |

## गतिविधि

### चित्र पहचानकर नाम लिखिए।

| | | |
|---|---|---|
|  ____________ |  ____________ |  ____________ |
|  ____________ |  ____________ |  ____________ |

# 11. ऋ-मात्रा वाले शब्द

| | |
|---|---|
|  कृषक (FARMER) |  कृपालु (MERCIFUL) |
|  गृह (HOUSE) |  गृहणी (MISTRESS OF A HOUSE) |
|  घृणा (HATRED/DISGUST) |  तृण (GRASS) |

| | |
|---|---|
|  नृप (KING) |  मृग (DEER) |
|  मातृ – पितृ (MOTHER-FATHER) |  वृक्ष (TREE) |

## अभ्यास

**चित्र देखकर सही शब्द पर गोला लगाइए| (See the picture and circle the correct word)**



( मृग तृण )



( वृक्ष गृह )



(कृषक     नृप )



(पितृ     मृग  )

**II सही मात्रा लगाइए| (Add correct mathras)**

व_क्ष          म_ग          ग_ह

## गतिविधि

**शब्द लड़ी पूरी कीजिए (Complete the word string)**

| | | | |
|---|---|---|---|
|  |  |  |  |
| ________ | ________ | **कीचड़** | ________ |

# 12.चतुर रमेश



रमेश नामक एक लड़का था| वह बहुत भला था| उसके पिताजी एक किसान थे| वे खेत में काम करते थे| रमेश अपनी बहन हेमा के साथ अपने पिताजी के लिए खाना ले जा रहा था| तब अजमेर जाने वाली रेलगाड़ी दूर से आ रही थी| रमेश ने देखा कि नदी पर बनाया पुल टूटा हुआ था| उस पर से रेलगाड़ी जाने वाली थी| वह बहुत डर गया| रमेश ने हाथ हिलाया, पर चालक ने उसे न देखा| गाड़ी आगे बढ़ रही थी| उसे एक उपाय सूझा| उसने झट से अपनी लाल कमीज़ निकालकर रेलगाड़ी के सामने लहराई और गाड़ी रुक गई| सब बच गए| सबने रमेश की तारीफ़ की|

## अभ्यास

### I शब्दार्थ (Meanings)

उपाय - Idea      पुल – Bridge      रेलगाड़ी – Train
खेत - Field      कमीज़ –Shirt      चालक – Driver

### II उचित अक्षर जोड़कर शब्द बनाइए| (Make words by adding suitable letters)

ता ___फ़      कि___न      अ _मे__

### III अक्षर जोड़कर शब्द बनाइए| (Make words by joining letters)

रे+ल+गा+ड़ी = ---------------

कि+सा+न = --------------

ल+ड़+का = --------------

### IV सही शब्द चुनकर खाली जगह भरिए| (Fill in the blanks with suitable words)

**( खेत      रेलगाड़ी      पुल )**

1. नदी पर बनाया--------टूटा हुआ था|
2. रमेश के पिताजी ----------में काम करते थे|
3. रमेश ने लाल कमीज़ निकालकर----------के सामने लहराई|

**V सही मात्रा लगाइए| (Add correct mathras)**

सामन        अजमर        र_लगाड़ी

**VI चित्र देखकर सही शब्द पर गोला लगाइए| (See the picture and circle the correct word)**



( नल    पुल )



(रेलगाड़ी    कार)



( कमीज़    तमीज़ )

## VII जोड़े बनाइए| (Match the following)

| | | |
|---|---|---|
| रमेश | - | कमीज़ |
| रमेश के पिताजी | - | पुल |
| अजमेर की | - | भला लड़का |
| टूटा हुआ | - | किसान |
| लाल | - | रेलगाड़ी |

## गतिविधि

**चित्र ध्यान से देखकर क्रमानुसार नाम लिखिए| ( See the picture and label each object in order)**

**( पेड़ ओखली झूला घर पक्षी पहाड़ घड़ा नदी )**




1. ओखली
2. --------------
3. --------------
4. -------------
5. --------------
6. --------------
7. --------------
8. --------------

# 13. हमारे सैनिक भैया



चैत्र महीने का एक दिन था| मेरे सैनिक भैया घर आए| वे थैली भर उपहार लाए थे| दूसरे दिन हम भैया के साथ राम मैदान जाने के लिए तैयार हुए| हम सब पैदल चलकर गए| मैदान के पास एक बड़ी नदी बह रही थी| तट पर बरगद की डाली पर एक मैना गा रही थी| गाना सुनते-सुनते हम नदी में तैरने लगे| एक फलवाला बैलगाड़ी भर तरबूज़ लाया| भैया ने एक बड़ा फल खरीदा और पैसे दिए| निकलते समय बैलगाड़ी कीचड़ में अटक गई| फलवाला बेचैन होकर नीचे बैठ गया| भैया ने कीचड़ से गाड़ी बाहर निकाल दी| फलवाला नमन करके खुशी-खुशी चला गया|

## अभ्यास

### I शब्दार्थ (Meanings)

थैली – Bag          सैनिक – Soldier          नदी – River

बैल – Bull          तैयार – Ready          पैदल – On foot

### II उचित अक्षर जोड़कर शब्द बनाइए| (Make words by adding suitable letters)

सैनि__          बैलगा____          मै___          मैदा ___

### III मात्रानुसार शब्दों को अलग कीजिए| (Separate the words according to mathras)

( केले   पैर   तृण   मृग   तेल   कृपा   मेघ   चैन   बैल   वृक्ष   सेब   तैर )

| ऋ | ए | ऐ |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

### IV सही मात्रा लगाइए (Add correct mathras)

थ_ली          प_सा          स_र          भ_या

**V सही शब्द चुनकर खाली जगह भरिए| (Fill in the blanks with suitable words)**

**( बैलगाड़ी तैरने उपहार घर )**

1. थैली भर ----------- लाए।
2. गाना सुनते-सुनते हम नदी में ------------ लगे ।
3. मेरे सैनिक भैया ---------- आए।
4. एक फलवाला---------- भर तरबूज़ लाया|

## गतिविधि

**चित्र देखकर शब्द-लड़ी पूरी कीजिए (Complete the word string)**

| | | | |
|---|---|---|---|
|  **नाक** |  ---------------- |  ------------- |  ------------- |
|  -------------- |  --------------- |  -------------- |  -------------- |

# 14. मोती की माला




तोता, कोयल और मोर मित्र थे| वे पहाड़ की चोटी पर रहते थे| एक दिन वे अनाज की खोज में खेत की ओर उड़ चले| दूर एक घर दिखाई दिया| घर के सामने एक टोकरी में अनाज रखा हुआ था| उधर कुछ लोग शोर मचा रहे थे| तोता, कोयल और मोर एक पेड़ पर बैठकर देखने लगे| एक छोटी लड़की कोने में बैठकर रो रही थी| थोड़ी देर बाद पता चला कि एक चोर मोती की माला लेकर भाग गया| वह माला उस लड़की की थी| उसके पिताजी रोटी और लोटा भर दूध ले आए और कहा, "बेटी! हाथ धोकर खाओ, रोना मत|" पर वह ज़ोर से रोने लगी| कोयल और तोता माला की खोज में उड़ चले| चोर एक पेड़ के नीचे सो रहा था| कोयल चुपके से चोर के पास गई| उसकी टोपी से मोती की माला निकाल ली और लड़की को दे दी| लड़की खुशी से झूम उठी|

## अभ्यास

### I शब्दार्थ (Meanings)

मोती – Pearl          तोता – Parrot          कोयल – Cuckoo

पहाड़ – Mountain          चोर – Thief          खोज – Search

### II सही शब्द चुनकर खाली जगह भरिए| (Fill in the blanks with suitable words)

**(मोती        शोर        मोर        टोकरी )**

1. तोता, ------------ और कोयल मित्र थे|
2. -----------में अनाज रखा हुआ था|
3. चोर ----------- की माला ले गया|
4. उधर कुछ लोग ---------- मचा रहे थे|

### III अक्षर जोड़कर शब्द बनाइए| (Make words by joining letters)

1. टो + क + री        = --------------
2. को + य + ल        = --------------
3. धो + क + र        = -------------

### IV. चित्र देखकर सही शब्द पर गोला लगाइए| (See the picture and circle the correct word)



( हीरा     मोती)



(तोता कोयल)



(पनीर पहाड़)

**V सही मात्रा लगाइए। (Add correct mathras)**

ट_करी  ग_भी  र_टी  म_टा

**VI उचित अक्षर से शब्द बनाइए। (Make words by adding suitable letters)**

___ ती  रसो__ घर  ___ टा

___ र  लड़____

**VII जोड़े बनाइए। (Match the following)**

टोकरी भर - मित्र

लोटा भर - माला

मोती की - अनाज

तोता, कोयल और मोर- दूध

## गतिविधि

### नए शब्द बनाइए

को

- ई
- ना
- ष
- यल
- मल
- शिश

----------------------------
----------------------------
----------------------------
----------------------------
----------------------------
----------------------------

### शब्द लड़ी पूरी कीजिए (Complete the word string)

| | | | |
|---|---|---|---|
|  माखन |  |  |  |
|  |  |  |  |

## 15. पौधा लगाओ!



कौशल और गौतम अपनी मौसी के घर गए| मौसा-मौसी का घर शहर के चौराहे के पास था| मौसी जी ने कचौड़ी और पकौड़ी बनाई थी|  कौशल के लिए लौकी का हलवा भी बनाया था| कौशल और गौतम ने जी भर खाया| वे हाथ धोने बाहर गए, तो मौसा जी ने पानी और तौलिया दिया| हाथ साफ़ करके वे मौसा जी के साथ उपवन गए| उधर एक बूढ़े चौकीदार को देखा| वे आम का पौधा लगा रहे थे| एक आदमी ने चौकीदार से पूछा, “बाबा जी! आप तो बहुत बूढ़े हो गए, आम का पौधा कई साल बाद ही वृक्ष बनकर फल देगा| फिर आपको फल कैसे मिलेगा?” चौकीदार ने कहा, “हमारे दादा-परदादा ने पौधे लगाए थे, जिसका फल हमको आज मिल रहा है|” मौसा जी ने कहा, “दादाजी ने सही कहा! चलो, तुम भी पौधे लगाओ, परोपकारी बनो|”

## अभ्यास

### I शब्दार्थ

लौकी – Bottle gourd    तौलिया – Towel    चौकीदार-Watchman

चौराहा - Cross road    पौधा–Plant    परोपकारी-Benevolent

### II सही शब्द चुनकर खाली जगह भरिए| (Fill in the blanks with suitable words)

**( उपवन    लौकी    आम )**

1. मौसी ने -------------का हलवा भी बनाया था|
2. चौकीदार -------- का पौधा लगा रहे थे|
3. हम सब ------------- गए|

### III अक्षर जोड़कर शब्द बनाइए| (Make words by joining letters)

खि + लौ + ना = -------------

प + कौ + ड़ी = -------------

उ + प + व + न = -------------

तौ+ लि + या = -------------

### IV सही अक्षर जोड़कर शब्द बनाइए (Complete the words by adding correct letter)

_____ चौड़ी    ___धा    ___कीदार    ___की

## V मात्रानुसार शब्दों को अलग कीजिए (Separate the words according to matras)

(हथौड़ा गोरा नौका खोज कौशल मौन कोयल बोल मौज शोर)

| ओ | औ |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |

## VI. चित्र देखकर सही शब्द पर गोला लगाइए। (See the picture and circle the correct word)



(लौकी चौकी)



(वृक्ष मृग)



(सौदा पौधा)



(नौका चौराहा)

## गतिविधि

**चित्र देखकर उचित शब्दों से खाली जगहों की पूर्ति कीजिए (See the picture and fill in the blanks with suitable words)**

**( घड़ाएँ    बकरियाँ    नाव    बतख    गाय    कौए    पुल )**



1. तालाब में एक -------------- है|
2. घर के सामने पानी पर एक ------------ बना हुआ है|
3. तालाब के किनारे  ------------- और ----------- चर रहे हैं|
4. तालाब में एक ------------- तैर रहा है|
5. आकाश में -------------- उड़ रहे हैं|
6. पानी लेने हेतु ----------- रखे हुए हैं|

# 16. सुंदरवन



शंकर और नंदन भाई-भाई हैं| वे अपने माता-पिता के साथ सुंदरवन गए| मौसम बहुत सुहावना था| उस जंगल में रंग-बिरंगे फूल खिले थे। शंकर जंगल से चंपा और लिली लाया। नंदन सुंदरी फल, संतरा और अंगूर तोड़ लाया। शाम को दोनों माता-पिता के साथ मंदिर गए| मंदिर के मंडप में शंख और घंटी बजाए। लौटते समय सबने एक बाघ देखा| नंदन एकदम घबरा गया| शंकर चंचल था,उस पर एक कंकड़ फेंकनेवाला था| तब तक माताजी ने उसे रोक लिया| पिताजी ने कहा, "जानवरों को तंग मत करो|" माताजी ने कहा, "हाँ, सुनो! यह एक खतरनाक जंगली जानवर है, हमें सावधान रहना है|" उन्होंने लंबी राह चलते-चलते कई जानवर देखे और आनंद मनाया|






## अभ्यास

### I शब्दार्थ (Meanings)

रंग – Colour　　मंदिर – Temple　　सुंदर – Beautiful

कंकड़ – Stone　　जंगल – Forest　　चंचल – Restless

### II सही अक्षर से खाली जगह भरिए (Complete the words by adding correct letter)

एकद__　　संत __　　आनं__　　मंदि __

### III सही शब्द चुनकर खाली जगह भरिए| (Fill in the blanks with suitable words)

**( शंख　　चंपा　　मौसम　　फूल )**

1. -------------- बहुत सुहावना था|
2. मंदिर में ---------- और घंटी बजाए।
3. जंगल में रंग बिरंगे ---------- खिले थे।
4. शंकर जंगल से --------- और लिली लाया।

### IV चित्र देखकर सही शब्द पर गोला लगाइए| (See the picture and circle the correct word)



( घड़ा　　शंख )



( घंटा　　कंकड़ )



( अंगूर अमरूद )



( जंगल सड़क )

### V सही मात्रा लगाइए| (Add correct mathras)

जगल चपा सतरा घटी

### VI जोड़े बनाइए| (Match the following)

1.शंकर और नंदन - जंगली जानवर

2.मौसम – मंदिर

3.बाघ – फूल

4.रंग-बिरंगे – भाई-भाई

5.शंख और घंटी – सुहावना

## गतिविधि

**। चित्र पहचानकर जंगली जानवरों के नाम लिखिए।**







---------------- -------------- -------------------

क से शब्द बनाइए




1. कला
2. ------------
3. ------------
4. ------------
5. ------------
6. ------------

# 17. दादाजी के गाँव में



भरत के दादाजी का घर सोमपुर गाँव में है| एक दिन वह अपनी माँ के साथ रेलगाड़ी से गाँव गया| वे सुबह ठीक पाँच बजे घर पहुँचे| भरत आँगन पार करके अंदर गया| वहाँ चाँदी का दीपक जल रहा था| दादीजी पूजा कर रही थीं| भरत ने दादीजी के पीछे-से जाकर उनकी आँखें बंद कर लीं| दादीजी ने कहा, “आ गया मेरा भरत!” थोड़ी देर में उसके सभी मित्र आ गए| माँ ने सबको मूँगफली बाँटकर दी| मूँगफली खाने के बाद वे गेंद खेलने गए| गेंद बाँस के पेड़ के पास जा गिरी| भरत पेड़ के पास गया| उसने डाली पर एक घोंसला देखा| उसमें तीन अंडे थे| पास दो नीली चिड़ियाँ बैठी थीं| तब एक साँप धीरे-धीरे पेड़ पर चढ़ रहा था| चिड़ियों ने चहचहाकर साँप को भगा दिया| चिड़ियों का साहस देखकर भरत चकित रह गया|



तब भरत के पाँव पर काँटा चुभ गया| उसकी आँखों से आँसू आ गए| दादीजी हँसी और धीरे-धीरे काँटा निकालकर कहा, “तुम भी चिड़ियों की तरह बहादुर बनो|” भरत भी हँसा|

## अभ्यास

### I शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| आँख - Eye | पाँव - Foot | गाँव - Village |
| आँगन - Court yard | काँटा - Thorn | हँसना - To laugh |

### II सही अक्षर से खाली जगह भरिए (Complete the words by adding correct letter)

रे -----गाड़ी    दीप---    मूँगफ----    घोंस---

**III सही शब्द चुनकर खाली जगह भरिए| (Fill in the blanks with suitable words)**

**( मूँगफली चाँदी आँसू काँटा)**

1.आँखों से ------------ आ गए|

2. भरत के पाँव पर ------------ चुभ गया|

3. माँ ने हम सबको --------------- बाँटकर दी|

4. वहाँ ------------ का दीपक जल रहा था|

**IV चित्र देखकर सही शब्द पर गोला लगाइए| (See the picture and circle the correct word)**



( मटर मूँगफली )



( थाली दीपक )



( गेंद पेड़ )

## गतिविधि

**अं / अँ लगाइए| (Add correct mathras)**

आ_ख        ल_बा        क_कड़        मु_ह

गा_व        म_दिर        च_पा        चा_दी

**अनुस्वार और चंद्रबिंदु वाले शब्द पहचानकर लिखिए|**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चं | पा | आ | नं | द | में | तं |
| काँ | च | छ | कु | आँ | सु | ग |
| गं | गा | ल | मूँ | ग | फ | ली |
| बाँ | ट | बं | ध | न | रं | कु |
| सु | इ | छु | साँ | प | कं | धा |
| री | के | हं | स | अं | ग | बी |

| अनुस्वार वाले शब्द | चंद्रबिंदु वाले शब्द |
|---|---|
| चंचल | कुआँ |

## दस खड़ी जान लें |

| अ | आ | इ | ई | उ | ऊ | ए | ऐ | ओ | औ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | का | कि | की | कु | कू | के | कै | को | कौ |
| ख | खा | खि | खी | खु | खू | खे | खै | खो | खौ |
| ग | गा | गि | गी | गु | गू | गे | गै | गो | गौ |
| घ | घा | घि | घी | घु | घू | घे | घै | घो | घौ |
| च | चा | चि | ची | चु | चू | चे | चै | चो | चौ |
| छ | छा | छि | छी | छु | छू | छे | छै | छो | छौ |
| ज | जा | जि | जी | जु | जू | जे | जै | जो | जौ |
| झ | झा | झि | झी | झु | झू | झे | झै | झो | झौ |
| ट | टा | टि | टी | टु | टू | टे | टै | टो | टौ |
| ठ | ठा | ठि | ठी | ठु | ठू | ठे | ठै | ठो | ठौ |
| ड | डा | डि | डी | डु | डू | डे | डै | डो | डौ |
| ढ | ढा | ढि | ढी | ढु | ढू | ढे | ढै | ढो | ढौ |
| त | ता | ति | ती | तु | तू | ते | तै | तो | तौ |
| थ | था | थि | थी | थु | थू | थे | थै | थो | थौ |
| द | दा | दि | दी | दु | दू | दे | दै | दो | दौ |

| अ | आ | इ | ई | उ | ऊ | ए | ऐ | ओ | औ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ध | धा | धि | धी | धु | धू | धे | धै | धो | धौ |
| न | ना | नि | नी | नु | नू | ने | नै | नो | नौ |
| प | पा | पि | पी | पु | पू | पे | पै | पो | पौ |
| फ | फा | फि | फी | फु | फू | फे | फै | फ़ो | फौ |
| ब | बा | बि | बी | बु | बू | बे | बै | बो | बौ |
| भ | भा | भि | भी | भु | भू | भे | भै | भो | भौ |
| म | मा | मि | मी | मु | मू | मे | मै | मो | मौ |
| य | या | यि | यी | यु | यू | ये | यै | यो | यौ |
| र | रा | रि | री | रु | रू | रे | रै | रो | रौ |
| ल | ला | लि | ली | लु | लू | ले | लै | लो | लौ |
| व | वा | वि | वी | वु | वू | वे | वै | वो | वौ |
| श | शा | शि | शी | शु | शू | शे | शै | शो | शौ |
| ष | षा | षि | षी | षु | षू | षे | षै | षो | षौ |
| स | सा | सि | सी | सु | सू | से | सै | सो | सौ |
| ह | हा | हि | ही | हु | हू | हे | है | हो | हौ |

# 18.गिनती

| | |
|---|---|
| 1 एक | 11 ग्यारह |
| 2 दो | 12 बारह |
| 3 तीन | 13 तेरह |
| 4 चार | 14 चौदह |
| 5 पाँच | 15 पंद्रह |
| 6 छः | 16 सोलह |
| 7 सात | 17 सत्रह |
| 8 आठ | 18 अठारह |
| 9 नौ | 19 उन्नीस |
| 10 दस | 20 बीस |

## अभ्यास

1. एक से बीस तक लिखिए|

# 19. रंगों के नाम

| | |
|---|---|
|  | पत्ता <u>हरा</u> होता है। |
|  | टमाटर का रंग <u>लाल</u> है। |
|  | आम का रंग <u>पीला</u> है\| |
|  | संतरा <u>नारंगी</u> रंग का होता है। |

| | |
|---|---|
|  | दूध का रंग सफ़ेद होता है। |
|  | कौआ **काला** होता है। |
|  | लकड़ी का रंग भूरा है। |
|  | आसमान का रंग नीला है| |

## अभ्यास

। किन्हीं पाँच रंगों के नाम लिखिए|

## 20.फलों के नाम

| | |
|---|---|
|  कटहल (JACK FRUIT) |  सेब (APPLE) |
|  सीता फल (CUSTARD APPLE) |  अंगूर (GRAPES) |
|  केला (BANANA) |  अनार (POMEGRANATE) |
|  अमरूद (GUAVA) |  तरबूज़ (WATERMELON) |

| | |
|---|---|
| <br>पपीता (PAPAYA) | <br>संतरा (ORANGE) |

## अभ्यास

किन्हीं पाँच फलों के नाम लिखिए

## गतिविधि

**15 फलों के नाम पहचानकर उनमें उदाहरणानुसार रंग भरिए|**

**(Identify the names of the fruits and colour as shown below)**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क | प | ल | म | मौ | क | कि |
| च | छ | पी | बु | स | ट | श |
| को | के | नी | ता | मी | ह | मि |
| मु | ला | नु | जा | से | ल | श |
| सं | त | रा | मु | से | ब | फी |
| न | स | न्ना | न | अ | ना | र |
| क | हू | के | आ | म | ज़ | मो |
| ख | अं | जी | र | रू | बू | पो |
| जू | गू | वू | बे | द | र | ई |
| ख | र | बू | जा | तो | त | से |



# 21.सब्ज़ियों के नाम

| | |
|---|---|
| <br>आलू (POTATO) | <br>बैंगन (BRINJAL) |
| <br>भिंडी (LADYFINGER) | <br>लौकी (BOTTLEGOURD) |
| <br>फूलगोभी (CAULIFLOWER) | <br>पत्तागोभी (CABBAGE) |

| | |
|---|---|
|  प्याज़ (ONION) |  शलगम (TURNIP) |

## अभ्यास

किन्हीं पाँच सब्ज़ियों के नाम लिखिए|

## गतिविधि

### मैं कौन हूँ?

1. हरा हूँ, पर मिर्च नहीं, कड़वा हूँ| ------------------
2. मुझे काटेंगे, तो आप रोएँगे| ------------------
3. हरे संदूक में सुंदर मोती| ------------------
4. लाल थैली में सोने के सिक्के| ------------------
5. लाल-गोला हूँ, हरा मुकुट पहना हूँ| ------------------



# 22. अनुवाद – II

| | |
|---|---|
| 1.राधा, छाता लाओ। | Radha, bring an umbrella. |
| 2. हम सब उपवन गए\| | We all went to the garden. |
| 3.राम आम लाया। | Ram brought a mango. |
| 4.सबका आदर कर। | Respect everyone. |
| 5.अब जाकर आराम कर। | Go and take rest now. |
| 6. पिताजी बाज़ार गए\| | Father went to the market. |
| 7.पाठशाला जाओ\| | Go to school. |
| 8.मिलकर काम कर\| | Work together. |
| 9. घी खरीदिए\| | Please buy ghee. |
| 10. हमारी नानी घर आई थी\| | My grandmother had come home. |
| 11. सुमन बाहर जा रहा था\| | Suman was going out. |
| 12.मीरा नीली साड़ी लाई। | Meera brought a blue saree. |
| 13. सुबह उठ जाओ । | Get up in the morning. |
| 14. दवाई लाइए\| | Please bring medicine. |
| 15. खाना दीजिए\| | Please give food. |

## प्रश्नसूचक शब्द



| | |
|---|---|
| 1. वह कब आया? | When did he come? |
| 2. राम कहाँ जाता है? | Where does Ram go? |
| 3. आप कैसे आएँगे? | How will you come? |
| 4. तुम किधर जा रहे हो? | Where do you go? |
| 5. वह क्यों नहीं सोया? | Why didn't he sleep? |
| 6. वह कौन है? | Who is he? |
| 7. तुम्हें कितना चाहिए? | How much do you want? |
| 8. आप क्या करेंगे? | What will you do? |
| 9. आपको कौन-सा रंग चाहिए? | Which colour do you want? |
| 10. यह किसका बेटा है? | Whose son, is he? |

## 23. मेरा परिवार



मेरा नाम सुंदर है|

मेरा परिवार एक बड़ा परिवार है|

दादा-दादी, चाचा-चाची, ताऊ-ताई, भाई-बहन सब मिलजुलकर रहते हैं|



माताजी, दादीजी और ताईजी खाना बनाती हैं|

चाचीजी और बहन सब्ज़ियाँ काटकर देती हैं|



चाचाजी हमें बाहर ले जाते हैं|

हम बच्चे आनंद मनाते हैं|



पिताजी और ताऊजी हमारे साथ गेंद खेलते हैं|

दादाजी हमें शाम को पढ़ाते हैं|





दादीजी हमें कहानियाँ सुनाती हैं|

मेरा परिवार प्यारा और सुखी परिवार है|

## अभ्यास

### I शब्दार्थ (Meaning)

खाना – Food　　गेंद – Ball　　बनाना – To make

काटना – To cut　　कहानी – Story　　सुखी – Happy

### II सही उत्तर चुनकर लिखिए (Choose the correct answer and write)

**1. सुंदर का परिवार कैसा है?**

बड़ा　　छोटा　　लंबा

**2. दादाजी बच्चों को कब पढ़ाते हैं?**

सुबह　　शाम को　　रात में

**3. कौन बच्चों को बाहर ले जाते हैं?**

पिताजी　　चाचाजी　　ताऊजी

**4. दादीजी क्या सुनाती हैं?**

कविता　　पाठ　　कहानी

### III जोड़े बनाएँ

दादाजी - बहन

ताऊजी - दादीजी

चाचाजी - पिताजी

माताजी - ताईजी

भाई - चाचीजी

# 24. प्यासा कौआ




वह गर्मी का दिन था।

एक कौआ आकाश में उड़ रहा था।

उसे बहुत प्यास लगी।

वह पानी की खोज में इधर-उधर भटकने लगा।

दूर उसे एक घड़ा दिखाई दिया।

कौआ उसकी ओर उड़ आया।

परंतु उसमें पानी बहुत कम था।

वह पानी पी नहीं सका।







कौआ सोचने लगा।

तब उसे एक उपाय सूझा।

पास पड़े कंकड़ उठाकर घड़े में डालने लगा।



कंकड़ डालते-डालते पानी ऊपर आया|




कौए ने जी भरकर पानी पिया और उड़ चला|

**संदेश: जहाँ चाह है, वहाँ राह है|**

## अभ्यास

### I शब्दार्थ (Meanings)

कौआ – Crow पानी – Water घड़ा – Pot

आकाश – Sky प्यास – Thirst उपाय – Idea

### II सही शब्द चुनकर खाली जगह भरिए| (Fill in the blanks with suitable words)

**( कंकड़ घड़ा उपाय )**

1. कौए को एक -------------- सूझा|

2. --------------- डालते-डालते पानी ऊपर आया|

3. दूर उसे एक ------------------ दिखाई दिया|

**III सही उत्तर चुनकर लिखिए|(Choose the correct answer and write)**

**1. किसको प्यास लगी?**

कौए को　　　कबूतर को　　　तोते को

**2. कौआ कैसा पक्षी था?**

मूर्ख　　　चतुर　　　निर्दय

**3. पानी किसमें था?**

गिलास में　　　कटोरी में　　　घड़े में

**4. घड़े में कितना पानी था?**

कम　　　बहुत कम　　　अधिक

## गतिविधि

**पक्षियों के नाम पहचानकर लिखिए|**

1. मैं हरा हूँ, पर पत्ता नहीं --------------
2. मैं पानी और ज़मीन दोनों जगह रहने वाला हूँ -----------
3. मैं कौए के घोंसले में पलता हूँ, पर कौआ नहीं --------------
4. मूर्ख मेरे नाम से जाने जाते हैं --------------



## 25. खरगोश और कछुआ



कछुआ और खरगोश अच्छे मित्र थे। कछुआ धीरे चलने वाला था| खरगोश तो तेज़ दौड़ने वाला था|

खरगोश को अपनी तेज़ी पर घमंड था| एक दिन खरगोश ने कछुए के साथ दौड़ लगाने का विचार किया। उसे दौड़ में जीतने का बहुत भरोसा था। उसने यह बात कछुए से कही, तो कछुए ने भी मान लिया| सभी जानवर वहाँ पहुँच गए|

दौड़ शुरू हुई। कछुआ धीरे चलने लगा। खरगोश बहुत तेज दौड़ने लगा। बहुत आगे दौड़कर खरगोश ने पीछे मुड़कर देखा, तो कछुआ वहाँ दिखाई नहीं दिया। खरगोश ने सोचा "कछुआ बहुत पीछे है| क्यों न मैं थोड़ी देर आराम कर लूँ?" यह सोचकर वह सो गया।






कछुआ एक ही चाल से लगातार चलता रहा। अंत में कछुआ जीत गया और खरगोश हार गया।

**शिक्षा - लगन से काम करने पर सफलता ज़रूर मिलती है।**

## अभ्यास

### I शब्दार्थ (Meanings)

मित्र - Friend    धीरे - Slowly    घमंड - Pride/Vanity

दौड़ - Run/Race    भरोसा - Hope    जानवर - Animal

### II रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (Fill in the blanks)

**( जीत    चाल    धीरे    मित्र    घमंड )**

1. खरगोश और कछुआ अच्छे ______ थे।
2. कछुआ ________चलने वाला था ।
3. खरगोश को अपनी तेज़ी पर _______ था।
4. कछुआ एक ही ____से लगातार चलता रहा।
5. कछुआ ______ गया।



**III. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए (Choose the correct answer)**

1. **किसने दौड़ लगाने का विचार किया?**

   हाथी   कछुआ   खरगोश

2. **कौन तेज़ दौड़ता था?**

   कछुआ   बकरी   खरगोश

3. **किसे दौड़ जीतने का भरोसा था?**

   कछुए को   खरगोश को   हाथी को

4. **खरगोश के बहुत पीछे कौन था?**

   पेड़   हाथी   कछुआ

5. **दौड़ किनके बीच होने वाली थी?**

   सभी जानवरों के बीच   कछुए और खरगोश के बीच

   हाथी और कछुए के बीच

6. **दौड़ में कौन जीता?**

   ऊँट   खरगोश   कछुआ

**IV मात्रानुसार शब्दों को अलग कीजिए (Separate the words according to matras)**

**(खरगोश मुड़कर बहुत सोच भरोसा कछुआ)**

| उ की मात्रा | ओ की मात्रा |
|---|---|
| | |

# 26.लालची कुत्ता



एक कुत्ता बहुत भूखा था। वह खाने की तालाश में इधर-उधर भटक रहा था। थोड़ी देर बाद उसे एक रोटी मिली। वह मुँह में रोटी दबाकर चलने लगा| रास्ते में एक तालाब था। वह तालाब पर बने पुल पर चढ़कर दूसरी ओर जाने लगा। चलते-चलते उसे तालाब में अपनी परछाई दिखाई दी। उसे लगा, कोई दूसरा कुत्ता भी मुँह में रोटी लिए खड़ा है। वह उस दूसरे कुत्ते को डराकर उसकी रोटी भी छीन लेना चाहता था। लालची कुत्ता अपनी ही परछाई पर भौंकने लगा, तो उसके मुँह से रोटी तालाब में गिर गई। अब कुत्ते को अपनी गलती का एहसास हुआ। वह समझ गया कि लालच बुरी बात है।

## अभ्यास

### I शब्दार्थ (Meaning)

लालची – Greedy    तालाब – Pond    गिरना – To fall down

तलाश – Search    रास्ता – Way    परछाई – Shadow

### II सही शब्द चुनकर खाली जगह भरिए| (Fill in the blanks with suitable words)

**( परछाई    भूखा    तालाब )**

1. कुत्ता बहुत -------------- था|
2. रास्ते में एक ------------- था|
3. लालची कुत्ता अपनी ही --------------- पर भौंकने लगा|

### III सही उत्तर चुनकर लिखिए|(Choose the correct answer and write)

1. **कुत्ते को क्या मिला?**

   रोटी मिली    फल मिला    मिठाई मिली

2. **कुत्ता कैसा जानवर था?**

   ईमानदार    चालाक    लालची

3. **रोटी कहाँ गिरी?**

   नदी में    तालाब में    समुद्र में

4. **अपनी परछाई देखकर कुत्ते ने क्या किया?**

   हँसने लगा    रोने लगा    भौंकने लगा

## आधे अक्षर / द्वित्व व्यंजन वाले शब्द (केवल ज्ञान हेतु)

| | | | |
|---|---|---|---|
| मक्खी | पत्थर | पक्का | गन्ना |
| मक्खन | पृथ्वी | ढक्कन | पत्ता |
| ज्योति | मध्य | कच्चा | छप्पर |
| राज्य | जन्म | बच्चा | चम्मच |
| प्यार | स्टेशन | अच्छा | बिल्ली |
| शब्द | स्कूल | लज्जा | अन्न |
| पुण्य | अस्त | मिट्टी | शय्या |
| सत्य | दोस्त | हड्डी | रस्सी |

### रेफ और पदेन जान लें।

| | |
|---|---|
| पर्व | चक्र |
| सूर्य | ग्रह |
| तर्क | वज्र |
| मार्ग | ट्रक |
| हर्ष | चंद्र |
| मूर्ख | प्रकार |
| दर्पण | प्रेम |
| पर्वत | प्रणाम |
| सर्दी | भ्रम |
| धैर्य | नम्र |

## गतिविधि

**आधे अक्षर / द्वित्व व्यंजन वाले शब्द पहचानकर गोला लगाइए|**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स | म्मा | न | दो | ल | रा | को |
| नृ | त्य | अ | स्त | ज्जा | री | ज्य |
| अ | न्न | क | ख | ज्ज | ब | मि |
| क | ग | ज | न्म | क | च्चा | ट्टी |
| ढ | क्क | न | छु | म | क्खी | मी |
| च | म्म | च | नु | ध्य | अ | च्छा |

**सही शब्दों से वाक्यों की पूर्ति कीजिए| (केवल ज्ञान हेतु)**

1. बच्चा -------- लाया| (मक्खी / मक्खन)
2. -------- दूध पी रही है| ( बिल्ली / मिट्टी )
3. राघव अपने ---------- के साथ आया| (दोस्त / अस्त )
4. सूरज की ------------ दिखाई दी| ( ज्योति / पृथ्वी )
5. मेरा घर ----------- से दूर है| ( दर्पण / स्टेशन )
6. राम ने अध्यापक को देखकर --------- किया| (प्रणाम / प्रकार)
7. पेड़ से ------------- गिरा| ( छप्पर / पत्ता )
8. आज ------------ बहुत अधिक है| ( सर्दी / सूर्य )
9. झूला बाँधने हेतु राम --------- लाया| ( रस्सी / मार्ग)
10. माँ ने बच्चे को आकाश में -------- दिखाया| (पर्वत / चंद्र)

## SAMPLE PAPER 1

**PORTIONS (TERM 1)**

1. स्वर - अ – अः
2. व्यंजन - क – श्र
3. दो, तीन और चार अक्षर वाले शब्द
4. अनुवाद – 1 (1-9)
5. अमर समझकर पढ़

**CLASS: I** **HINDI LANGUAGE II** **TIME: 2HRS**

**DATE:** **MAX MARKS:80**

**I खाली जगह भरिए (Fill in the blanks)** **10x1=10**

1. अ __ इ __ उ ऊ __ ए __ ओ __ अं अः

2. क __ __ घ __

3. ट __ ड __ ण

**II अनुपयुक्त अक्षर पर गोला लगाइए (Circle the odd one)** **4x1=4**

1. अ आ क ई

2. ए ऐ ओ आ अं अः

3. त थ द अ न

4. प फ ब भ अः

**III सही क्रम में लिखिए (Write in the correct order)** **4x1=4**

1. आ ई इ ऊ अ उ ____________________

2. छ ज च ञ झ ____________________

3. औ ए ओ अं अः ऐ ____________________

4. म प ब फ भ ____________________

**IV सही अक्षर पर गोला लगाइए (Circle the correct alphabet)** **5x1=5**

1.  क  ख  ग  घ

2.  ऊ  ठ  ए  औ

3.  इ  ए  ऐ  अ

4.  घ  ध  छ  ग

5.  ई  झ  ड  ओ

**V पहला अक्षर लिखिए (Write the first alphabet)** **5x1=5**

1.  ________

2.  ________

3.  ________

4.  ________

5.  ________

**VI सही चित्र पर गोला लगाइए (Circle the correct picture for the given letter)**

**5x1=5**

1. इ -  

2. ऋ - 



3. त -  

4. ल -  

5. ह -  

**VII जोड़े बनाइए (Match the following) 5x1=5**

1.  --- व

2.  --- स

3.  --- अं

4.  --- श

5.  --- ओ

**VIII अक्षर जोड़कर शब्द बनाइए (Join the letter and make a word) 4x1=4**

1.च + ल = ___________ 2.श + ह + र = ___________

3.ज + ल + ज = ___________ 4.न + ट + ख + ट = ___________

**IX दो-दो अक्षरों को जोड़कर चार अक्षर वाले शब्द बनाइए**

**(Join two - two letters and make four lettered words)** **4x1=4**

| बच | हर | अन | बर |
|---|---|---|---|

| तन | दम | पन |
|---|---|---|

**X अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए (Translate into English)** **4x1=4**

1. छत पर चढ़। ____________________________
2. कलश भर। ____________________________
3. कलम इधर रख। ____________________________
4. इधर-उधर भटक मत। ____________________________

**XI उचित शब्द चुनकर खाली जगह भरिए (Fill in the blanks with suitable words)** **4x1=4**

**( कलश कटहल कर चल )**

1. सड़क पर ________
2. ________ भर।
3. ________ चख।
4. हवन ________ ।

**XII Write two, three & four lettered words.** **9x1=9**

1. दो अक्षर वाले शब्द ___________ ___________ ___________
2. तीन अक्षर वाले शब्द ___________ ___________ ___________
3. चार अक्षर वाले शब्द ___________ ___________ ___________

**XIII शब्दार्थ लिखिए (Meanings)** **4x1=4**

1. शहद ___________ 2. नल ___________
3. इधर ___________ 4. चख ___________

**XIV उचित अक्षर से शब्द बनाइए (Make a word by adding suitable letter)** **3x1=3**

1.---लश 2. ---ड़क 3. ---गर

**XV अक्षर जोड़कर शब्द बनाइएः(Make words by joining the letters)** **4x1=4**

1. म + द + द = __________
2. म + च + ल = __________
3. स + म + झ= __________
4. ब + र + त + न =__________

**XVI चित्र देखकर सही शब्द पर गोला लगाइए (See the picture and circle the correct word)** **3x1=3**



( भर घर )



( नल कल )



( कलम कलश )

**XVII जोड़े बनाइए (Match the following)** **3x1=3**

1. समझकर – चल
2. घर - रख
3. बर्तन - पढ़

***********

## SAMPLE PAPER 2

**PORTIONS (TERM II)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. दस खड़ी | 2. अनुवाद - 2 (9-15) | 3. गिनती 11-20 (अंकों & शब्दों में ) |
| 4. रंगों के नाम | 5. सब्ज़ियों के नाम (गतिविधि -मैं कौन हूँ) | 6. फलों के नाम |
| 7. मेरा परिवार | 8. प्यासा कौआ | 9. खरगोश और कछुआ | 10. लालची कुत्ता |

**CLASS : I** **HINDI LANGUAGE II** **TIME: 2 HRS**

**DATE:** **MAX MARKS: 80**

**I दस खडी पूरी कीजिए (Complete the following)** **16×1=16**

1. प ___ पि पी ______ _____
2. रि ___ रु ___ रे ___ रो _____
3. मी ___ ___ मे ___ ___ मौ
4. ___ ___ _____ ची _____ _____

**II निम्नलिखित अंकों को हिंदी अंकों और शब्दों में लिखिए (Write in Hindi words and Numbers)** **6×1=6**

19 __________________ 11 __________________

16 __________________ 13 __________________

20 __________________ 15 __________________

**III सही शब्द चुनकर खाली जगह भरिए और चित्रों में उचित रंग भी भरिए**
**(Fill in the blanks and fill the picture)** **6×1=6**

1.  लकड़ी का रंग _____ होता है। (भूरा / पीला)

2.  पत्ता ________ होता है । (हरा / भूरा)

3.  दूध का रंग _________ होता है । (सफेद / काला)

4.  टमाटर का रंग ________ है । (लाल / नीला)

5.  कौआ ________ होता है । (भूरा / काला)

6.  संतरा _____ रंग का होता है । (नारंगी / लाल)

**IV किन्हीं चार सब्जियों के नाम लिखिए** (4 Vegetables Names) **4×1=4**

_________ ___________ __________ ____________

**V पहचानकर लिखिए- मैं कौन हूँ? (Who am I)** **3×1=3**

1. हरा हूँ, पर मिर्च नहीं, कड़वा हूँ| ----------------------
2. मुझे काटेंगे, तो आप रोएँगे| -----------------------
3. लाल-गोला हूँ, हरा मुकुट पहना हूँ| -----------------------

**VI किन्हीं चार फलों के नाम लिखिए (Any 4 Fruits names)** **4×1=4**

__________ __________ _________ _________

**VII निम्नलिखित वाक्यों का अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए (Translate into English)** **5×1=5**

1. घी खरीदिए । ____________________________________
2. खाना दीजिए । ____________________________________
3. दवाई लाइए । ____________________________________
4. मीरा नीली साड़ी लाई । ___________________________________
5. हमारी नानी घर आई थीं । __________________________________

**VIII निम्नलिखित शब्दों के अर्थ अंग्रेजी में लिखिए (Write English Meanings)** **8×1=8**

कहानी ________ घड़ा ________ पुल _______ धीरे _______

प्यास ________ गेंद _______ परछाई ______ उपाय _______

**IX सही शब्द चुनकर खाली जगह भरिए (Fill in the blanks with suitable words)** **6×1=6**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जीत | परछाई | घमंड | कंकड़ | भूखा | उपाय |

1. खरगोश को अपनी तेजी पर ____________ था ।
2. कौवे को एक ________ सूझा ।

3. कुत्ता बहुत ________ था ।

4. ________ डालते – डालते पानी ऊपर आया ।

5. कछुआ _______ गया ।

6. लालची कुत्ता अपनी ही _______ पर भौंकने लगा ।

**X निम्नलिखित प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए (Choose the correct option)** **7×1=7**

1. **घड़े में कितना पानी था?**

   अधिक     काम     बहुत कम

2. **दादाजी बच्चे को कब पढ़ाते हैं?**

   सुबह     रात को     शाम को

3. **कौन तेज दौड़ता था?**

   कछुआ     खरगोश     बकरी

4. **कुत्ता कैसा जानवर था?**

   चालाक     इमानदार     लालची

5. **किसको प्यास लगी थी?**

   तोते को     कौवे को     कबूतर को

6. **दादीजी क्या सुनाती हैं?**

   पाठ     कहानी     कविता

7. **अपनी परछाई देखकर कुत्ते ने क्या किया?**

   हँसने लगा     रोने लगा     भौंकने लगा

**XI जोड़े बनाइए (Match the following) 5×1=5**

1. दादाजी - ताईजी
2. भाई - पिताजी
3. माताजी - चाचीजी
4. ताऊजी - बहन
5. चाचाजी - दादीजी

**XII मात्रानुसार शब्दों को अलग कीजिए (Separate as per Mathras) 10×1=10**

**( कौवा सैनिक तोता सेब मैदान**

**जंगली मोती हौसला रेलगाड़ी शंख )**

| ए | ऐ | ओ | औ | अं |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

***************